Regarding construction of railway over-bridge/underpass and foot over-bridge in Jammu Parliamentary Constituency of Jammu and Kashmir-Laid

श्री जुगल किशोर **(जम्मू) :** मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र जम्मू के अंतर्गत आने वाले अनेक क्षेत्रों में जनता की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्न स्थानों पर रेलवे ओवर ब्रिज, रेल अंडर पास एवं फुट ओवर ब्रिज की तत्काल आवश्यकता है ।

1. सांबा जिले के गुरहा सलाथिया गाँव में रेल ओवर ब्रिज के निर्माण की निवासियों की ज्वलंत माँग अभी भी लंबित है ।

2. चक लारगन बजालता में रेल अंडर ब्रिज की चौड़ाई बहुत ही कम है साथ ही रेल अंडरब्रिज से सटे मोड़ को भी चौड़ा करने की आवश्यकता है ।

3. जम्मू जिले के मनवाल रेलवे स्टेशन में फुटओवरब्रिज के निर्माण की अतिआवश्यकता है ।

4. मनवाल रेलवे स्टेशन के पास किशनपुर गाँव में ज़मीन खाली पड़ी है । इस खाली ज़मीन पर सांसद निधि योजना के अंतर्गत ट्रैक बनाने की अनुमति दी जाए ताकि स्थानीय समुदाय को अपनी शारीरिक तंदुरुस्ती में सुधार लाने में काफ़ी मदद मिल सके ।

अतः सरकार से निवेदन है कि उपरोक्त स्थानों का सर्वे करवाकर जल्द से जल्द इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाए । क्षेत्र की जनता इस जन?हितकारी निर्णय के लिए आपकी आभारी रहेगी ।